प्रभात खबर

पटना, शुक्रवार, 21 जनवरी, 2011

वेंडर नीति नये वित्तीय वर्ष में

वेंडरों के राज्यस्तरीय सम्मेलन का उद्घाटन करते मंत्री प्रेम कुमार व अश्विनी चौबे.

संवाददाता

पटना : नये वित्तीय वर्ष में वेंडरों की सुविधा के लिए नीति लागू की जायेगी. इसके लिए नगर निगम उन्हें निबंधित करेगा. यह बात गुरुवार को नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री प्रेम कुमार ने नासवी व निदान की ओर से श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में फुटपाथी दुकानदारों के राज्यस्तरीय सम्मेलन में कही. कार्यक्रम की अध्यक्षता नासवी के अध्यक्ष अरविंद सिंह ने की.

बनेगी स्वास्थ्य योजना

स्वास्थ्य मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि वेंडरों के लिए स्वास्थ्य योजना लागू होगा. जल्द ही एक स्वास्थ्य शिविर लगाया जायेगा, जिसमें वेंडरों का मुफ्त इलाज कराया जायेगा. उन्हें दवाई भी मुफ्त दी जायेगी. निदान व नासवी इसके लिए निबंधित वेंडरों की सूची उन्हें उपलब्ध कराये.

पटना में 28 हजार वेंडर

नासवी के अरविंद सिंह ने कहा कि पटना में कुल वेंडरों की संख्या 28955 है. इसमें पुरुष वेंडर

■ विभिन्न मांगों संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया

22519 व महिला वेंडरों की संख्या 6436 है. नासवी के कार्यक्रम समन्वयक रंजीत अभिज्ञान द्वारा पेश प्रस्ताव भी पारित किया गया. इन प्रस्तावों में 2004 में बनी राष्ट्रीय फेरी नीति पर गंभीरता पूर्वक अमल करने, शीघ्र कानून बनाने, नेचुरल मार्केट बनाने, सड़क के संपूर्ण हिस्से का 205 फीसदी वेंडिंग के लिए छोड़ने, शिकायत निवारण तंत्र बनाने, टाउन वेंडिंग कमेटियों में वेंडरों को उचित प्रतिनिधित्व देने और हर तरह के मानवाधिकार उल्लंघन की घटनाओं पर कठोर सजा का प्रावधान करने जैसे प्रस्ताव शामिल थे. इस दौरान निदान के कलाकारों ने नाटक भी प्रस्तुत किया. मौके पर विधायक अरुण सिन्हा, पूनम देवी, आशा सिन्हा, चंद्रप्रकाश सिंह, सांसद अली अनवर, निदान के कार्यक्रम प्रबंधक राकेश त्रिपाठी व संजय कुमार, सेंटर फॉर सिविल सोसाइटी के कार्यक्रम समन्वयक अमितचंद्र आदि उपस्थित थे.